प्रेस नोट-

थाना नवाबाद, झाँसी

दिनाँक 07.07.2025

- **थाना नवाबाद साइबर सेल द्वारा खोया मोबाइल 03 घण्टे के अन्दर बरामद, मोबाइल सुपुर्द कर महिला के चेहरे पर लोटाई मुस्कान।**

आज दिनांक 07.06.2025 को एक महिला भारती यादव पुत्री भगवत यादव निवासी मोहल्ला पटेल नगर थाना गरौठा जनपद झाँसी किसी कार्य से झाँसी नगर आयी थी, उसी दौरान उसका मोबाइल नगर निगम कार्यालय झाँसी के पास कहीं गिर गया, महिला ने मोबाइल की काफी खोजबीन की लेकिन खोया हुआ मोबाइल नहीं मिल सका, जिसके बाद महिला द्वारा थाना नवाबाद पुलिस को मोबाइल खोने की सूचना दी।

थाना नवाबाद साइबर सेल की टीम द्वारा भारत सरकार के संचार मंत्रालय के पोर्टल "(Central Equipment Identity Register)" के माध्यम से त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना क्षेत्र में खोये हुये मोबाइल के बारे मे जानकारी एकत्र कर मात्र 03 घन्टे के अन्दर खोया मोबाइल कम्पनी REALMI 9 PRO कीमत रू0 19,000/- रु0 को बरामद कर मोबाइल स्वामिनी भारती यादव उपरोक्त को सुपुर्द किया गया। मोबाइल पाकर महिला द्वारा झांसी पुलिस की त्वरित कार्यवाही की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।